तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 18 मई 2025


12 नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन कर व्यसन मुक्ति का दिया संदेश एवं की अपील



11 मंडल स्तरीय संगठनात्मक सम्मेलन में भाजपा...





## खबर संक्षेप

### गायत्री परिवार का कर्मकांड प्रशिक्षण शिविर 21 से

**बालोद।** जिले बालोद मे गायत्री परिवार द्वारा आवासीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर सह ढपली, कर्मकांड प्रशिक्षण ब्लॉक स्तर पर किया गया है। जिला समन्वयक बालोद बीएस अठनागर ने बताया जिसके तहत 21 से 25 मई तक दल्लीराजहरा डौन्डी, 26 से 30 मई बालोद, 01से 05 जून गुण्डरदेही मे आवासीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर सह ढपली, कर्मकांड प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा।

### एलएलएम की समय सारणी में परिवर्तन के लिए सौंपा ज्ञापन



**बालोद।** दुर्ग विश्वविद्यालय में कुछ दिनों पश्चात सेमेस्टर एग्जाम का प्रारंभ हो रहा है, जिसमें छात्रें का यह कहना है कि अभी कोर्स कंप्लीट नहीं हुआ है साथ ही छात्रें को पढ़ने के लिए 90 दिन समय दिए जाने का प्रावधान है। मार्च में रिजल्ट आया और मई एग्जाम लिया जा रहा है, यूनिवर्सिटी ने अपनी गाईडलाइन ने बताया कि 90 दिनों पश्चात बच्चों को एग्जाम दिया जाएगा उसके बावजूद 70 दिनों के अंतराल में यूनिवर्सिटी एग्जाम लेना चाहती है, इसके विरोध में एलएलएम के समय सारणी परिवर्तन के लिए हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की कुल सचिव को विद्यार्थीयो ने ज्ञापन सोपा गया। विद्यार्थीयो ने बताया कि जल्द से जल्द अगर समय सारणी परिवर्तन शेष पेज 10

## आयोजन : आपरेशन सिंदूर की कामयाबी के लिए सेना के जवानों की सराहना की

# भारतीय सेना के पराक्रम को सलाम करके कई स्थानों पर निकाली भव्य तिरंगा यात्रा









हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

हमारे देश के वीर सैनिकों के द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से आतंकवादियों एवं देश के दुश्मनों को मुँहतोड़ जवाब देने तथा हमारे वीर सैनिकों के अदम्य वीरता एवं साहस के सम्मान में पूरे देश की भाँति बालोद जिले के विभिन्न स्थानों में भी भव्य तिरंगा यात्र का आयोजन किया गया।

- समाज के सभी वर्गों के लोगों ने हाथ में तिरंगा लेकर तथा भारत माता की यशगान करते, नारे लगाते हुए शहर एवं ग्रामों का भ्रमण किया

जिला मुख्यालय बालोद सहित जिले के सभी नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों एवं विभिन्न स्थानों में आयोजित भव्य तिरंगा यात्र देशभक्तिपूर्ण वातावरण से सराबोर रहा। जिले के विभिन्न स्थानों में आयोजित तिरंगा यात्र में वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, अधिकारी–कर्मचारी, भूतपूर्व सैनिक, समाज के गणमान्य एवं प्रबुद्धजन, पत्रकार, समाजसेवियों, महिलाओं, युवाओं सहित समाज के सभी वर्ग के लोगों ने कार्यक्रम में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए राष्ट्र के प्रति अपनत्व एवं प्ऱेम को प्रदर्शित किया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारी–कर्मचारियों तथा शेष पेज 10 पर

### सरदार पटेल मैदान में तिरंगा रैली का समापन

जिला मुख्यालय बालोद में इस भव्य तिरंगा यात्र की शुरूआत सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान से करते हुए घड़ी चौक, पुराना बस स्टैण्ड, सदर रोड, रामदेव चौक, मधु चौक, जय स्तंभ चौक से वापस सरदार पटेल मैदान में तिरंगा रैली का समापन किया गया। जिला मुख्यालय बालोद के अलावा जिले के सभी नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में भी तिरंगा यात्र निकाली गई। इसके अंतर्गत नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा, नगर पंचायत डौण्डीलोहारा, अर्जुंदा, गुण्डरदेही सहित जिले के सभी नगर निकायों एवं ग्राम पंचायतों में भी तिरंगा यात्र निकालकर हमारे वीर सैनिकों के अदम्य साहस एवं वीरता का सम्मान किया गया। इसके अलावा समाज के सभी वर्ग के लोगों ने इस तिरंगा यात्र में शामिल होकर देश के एकता एवं अखण्डता को अक्ष्क्षुण बनाए रखने तथा संकटकाल एवं देश के ऊपर किसी भी प्रकार की विपत्ति तथा बाहरी आक्रमण होने की स्थिति में देश के शत्रुओं को मुँहतोड़ जवाब देने हेतु पूरे देश के प्रत्येक नागरिकों का एकता के सूत्र में आबद्ध होने का संदेश भी दिया गया।

# नयापारा में 5500 रुपए की लूट 3 बदमाश न्यायिक रिमांड पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शौक पुरा करने के लिए तीन दोस्तो ने लूट की घटना को अंजाम दिया। शराब पीने के लिए पैसा नही होने से राह चलते व्यक्ति को लूट किया। 24 घंटे के अंदर बालोद पुलिस ने तीनो बदमाशों को गिरफ्तार किया। तीनो आरोपी आदतन है, पूर्व में भी अपराधिक रिकार्ड है। मामले मे प्राथऍं ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह किलकारी क्लीनिक बालोद में काम करता है रोज अपने गांव धनगांव से अपने मोटर सायकल टीवीएस स्पोर्टस क्रमांक सीजी 24 टी 8197 से आना जाना करता है। रोज की तरह 14 मई को काम पर आया था जो रात्रि 07:15 बजे अपने मोटर सायकल से अपने घर जा रहा था, नयापारा बालोद पाईपास रोड में रात्रि 07:30 बजे पहुंचा था उसी समय मोटर सायकल हीरोहोण्डा स्पेलेण्डर सीजी 07 एल 4282 में सवार तरूण निर्मलकर व उनके अन्य दो साथी प्राथऍं के मोटर सायकल के सामने आरोपी अपने मोटर सायकल को खड़ा कर रोककर गाली गुप्तार तथा हाथ मुक्का से मारपीट किये है व नगदी रकम 5,500 रू जिसमें 500–500 रू का नोट था को लूट लिये है और तीनो बल पूर्वक अपने मोटर सायकल में चलो नही तो जान से मार देगें की धमकी देकर मोटर सायकल में बैठाकर कपिलेश्वर मंदिर की ओर ले जा रहा था, रास्ता में बचाव बचाव आवाज लगाने पर आरोपीगण नयापारा बालोद कपिलेश्वर मंदिर जाने के मोड के पास मोटर सायकल धीरे होने से प्राथऍं कूदने का प्रयास किया तो चारो मोटर सायकल सहित गिर गये। आरोपीगण मोहल्ला वासियों के भीड़ को देखते हुए प्राथऍं को छोड़कर भाग गया। मारपीट करने से प्राथऍं के पीठ मस्तक दोनो हाथ, कोहनी में चोट आया है कि रिपोर्ट पर धारा 309(6), 140(3), 126, 296, 351(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया है।

- आदतन बदमाशों ने शौक पूरा करने के लिए राहगीर को लूटा

मामले मे गठित टीम द्वारा प्रकरण के नामजद आरोपी तरूण निर्मलकर का लोगो को प्राथऍं के बताये अनुसार हुलिया बताकर व मुखबिर लगाकर पता तलाश किया, आरोपी तरूण मिलने से पुछताछ करने पर अपने अन्य साथीयों ईश्वर यादव, प्रियांशु ढीमर के साथ घटना को कारित करना बताया। प्रकरण के आरोपी शेष पेज 10 पर







## खबर संक्षेप

### बिल में हेराफेरी करने वाला साला पुलिस पकड़ में



**भिलाई।** बिल में हेराफेरी कर धोखाधड़ी देने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 316 (2),318 (3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पदमश्री तंवर ने बताया कि जयंती नगर दुर्ग निवासी पीयूष त्रिपाठी ने शिकायत किया है कि हाउसिंगबोर्ड में स्थित संकल्प फार्मेसी के नाम से मेडिकल दुकान संचालित करने वाला साला बृजमोहन दुबे उर्फ गगन ने कंप्यूटर बिल निकालते समय पैसों का हेरा फेरी कर 40 लाख रुपए गबन कर धोखाधड़ी किया है। पुलिस जांच में पता चला कि बृजमोहन दुबे उर्फ गगन को पकड़ कर पूछताछ करने पर धोखाधड़ी देना स्वीकार किया। आरोपी को न्यायिक रिमांड में न्यायालय पेश किया गया। कार्रवाई में कोतवाली दुर्ग थाना प्रभारी ममता अली शर्मा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है। थाना प्रभारी थाना दुर्ग एवं सहायक उप निरीक्षक मोहन साहू, प्रधान आरक्षक अजय वश्विकर्मा, आरक्षक ललित साहू एवं गौर सिंह राजपूत का सराहनीय योगदान रहा।

### जिज्ञासा दसवीं में अव्वल



**भिलाई।** शासकीय हाईस्कूल सरेखा में कक्षा दसवीं की छात्रा जिज्ञासा देशमुख ने 96.50 प्रतिशत अंक अर्जित कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है ।वे दनिया निवासी शिक्षक राजूलाल देशमुख और ललिता देशमुख की पुत्री हैं ।उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय परिवार के शैक्षिक वातावरण, प्राचार्य के मार्गदर्शन और गुरुजनों की मेहनत को दिया है।

### विद्यार्थियों ने ज्ञान व विज्ञान के नाटकों का किया मंचन

**भिलाई।** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के भोपाल परिसर में सम्पन्न तृतीय अखिल भारतीय रूपक महोत्सव में भिलाई के आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा को विशेषज्ञ समीक्षक के तौर पर आमंत्रित किया गया। आचार्य डॉ. शर्मा ने बताया कि भगवदज्जुकीयम्, मन्त्र दानम्, महिमामय भारतम्, विषय परिणय , धर्मचक्रप्रवर्तन, शम्बूक अभिषेक और कौण्डिन्य प्रहसन आदि के सफल मंचन की सबने सराहना की। 14 संस्कृत विश्वविद्यालयों के 800 विद्यार्थियों ने 20 से अधिक नाटकों का मंचन किया। श्रीकृष्ण और पंचतन्त्र के अलावा शेक्सपियर पर संस्कृत नाटक खेले गये। भोपाल के रविंद्र भवन में इन नाटकों के हजारों दर्शकों से प्रेक्षागृह लगातार चार दिन खचाखच भरा रहा। कुलपति प्रो.श्रीनिवास बरखेड़ी, मुख्य अतिथि साहित्य अकादमी नई दिल्ली के सचिव डॉ.के.श्रीनिवास राव, संस्था के निदेशक प्रो.रमाकान्त पाण्डेय एवं कुलसचिव प्रो. आरजी मुरली कृष्णन विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान डॉ. शर्मा ने कहा कि कोई ऐसी कला, विद्या, शिल्प,कर्म, काव्य या विधा नहीं जिसे रूपक या नाट्य मंचनों द्वारा व्यक्त किया न जा सके।

### भारतीय ज्ञान परम्परा छात्राओं के चरित्र निर्माण में उपयोगी कार्यशाला में हुई चर्चा

**भिलाई।** शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में श्री अरविन्दों योगा एंड नॉलेज फाऊण्डेशन दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय फेकल्टी डेव्लपमेन्ट प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान भारतीय ज्ञान परम्परा और विज्ञान विषय पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के मुख्य वक्ता प्रो रविन्द्र ब्रम्हे भारतीय ज्ञान परम्परा डायरेक्टर पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ रंजना श्रीवास्तव, विशेष अतिथि भूपेन्द्र कुलदीप रजिस्ट्रार हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग, डॉ. इन्द्राणी घोष ट्रस्टी श्री अरविन्दो योगा एंड नॉलेज फाऊण्डेशन दुर्ग उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा हमारी शिक्षा से जुड़ी हुई है। इनसे हमें अधिक से अधिक प्रेरणा ग्रहण करनी चाहिए। जिससे कि भविष्य में बेहतर परिणाम प्राप्त हो सके। हमारे पूर्वजों के जो अनुभव हैं, उस अनुभव का हमें लाभ उठाना चाहिए।

# सेल में मेनपावर कम होने का खामियाजा भुगत रहे कर्मचारी

## आठ साल में मात्र 2525 अधिकारी रिटायर हुए, बीएकेएस ने की कर्मियों की बहाली की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी सहित सेल में मेन पावर कम होने की कीमत कर्मियों और मजदूरों को चुकानी पड़ रही है। यूनियनों ने इसके विरोध में दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। बीएकेएस यूनियन ने अधिकारी वर्ग की संख्या में कटौती करने और तथा कर्मचारियों की बहाली करने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि सेल में मेन पावर तेजी से कम हो रहा है। हर माह बीएसपी सहित अन्य उपक्रमों में औसतन सौ कर्मचारी रिटायर हो रहे हैं। लेकिन भर्ती नहीं हो रही है। इसका खामियाजा कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है। सेल में 4 कर्मचारियों तथा 7 ठेका मजदूरों पर एक अधिकारी है। 29 हजार कर्मचारी वेज रीविजन एरियर की राह देखते देखते सेवानिवृत हो गए।अधिकारियों की भारी फौज मैनपावर कॉस्ट को बढ़ा रहा है। बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने कर्मचारियों की घटती संख्या पर सवाल किया है। महासचिव अजय वासनिक ने कहा कि यूनियन के मुताबिक एक तरफ हर दिन सेल कर्मचारियों की संख्या घटती जा रही है तो दूसरी तरफ सेल प्रबंधन द्वारा अधिकारियों की संख्या को यथावत रखा जा रहा है।



### कर्मचारियों की बहाली की दरकार

जनवरी 17 से मार्च 25 तक कर्मचारियों की संख्या में कमी 39.74% की कमी हुई है। 29 हजार कर्मचारी पिछले 101 माह में अपने एरियर्स का इंतजार करते सेवानिवृत हो गए । पिछले 8 वर्षों में 12535 ठेका मजदूरों की संख्या में वृद्धि हुई है। जबकि 29 हजार कर्मचारियों की संख्या में कमी हुई है। कर्मचारियों पर सलाना 17 हजार वर्क फोर्स का वर्क लोड बढ़ गया है ।पिछले 8 साल में मात्र 2525 अधिकारी ही सेवानिवृत हुए हैं । अभी भी औसतन 4 कर्मचारी तथा 7 ठेका मजदूर पर एक अधिकारी हैं ।कुल मैनपावर खर्च का 55% सिर्फ अधिकारी वर्ग पर ही खर्च किया जा रहा है । अधिकारियों की भारी संख्या ही मैनपावर कॉस्ट को बढ़ा रही है । उत्पादन कार्य सभी कार्य कर्मचारी कर रहे है । कर्मचारियों की संख्या कम होने, वेज रीविजन में धांधली, एरियर्स का भुगतान नही होने से भी कर्मियों में असंतोष है।

## सेफी अध्यक्ष की शिकायत पर केंद्रीय रजिस्ट्रार ने की जांच

# सेल एम्प. कोआपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी में दो सौ करोड़ के घोटाले का पर्दाफाश

## बंछोर ने की सोसायटी में सरकारी प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्टील एग्जीक्यूटिव फेडरेशन ऑफ इंडिया (सेफी) की शिकायत पर सेल एम्प्लाइज कोआपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी कोलकाता में 200 करोड़ के घोटाले का पर्दाफाश हुआ है। सेफी के अध्यक्ष एनके बंछोर ने उच्च प्रबंधन से मांग की है कि अब सोसायटी के संचालन के लिए सरकारी प्रतिनिधि नियुक्त किया

■ रिटायर सेल कर्मियों की जीवनभर की कमाई डूबी

जाए। साथ ही जब तक समिति की अनियमितताओं का समाधान नहीं हो जाता तब तक सदस्यों से की जा रही अंशदान और ऋण की कटौती को इस सहकारी समिति के पास जमा न कराया जाए।

सेफी व बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर और सेफी के वाइस प्रेसिडेंट तथा सीएमओ के एग्जीक्यूटिव एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने सेल एम्प्लाइज कॉपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी, कोलकाता में हुए 200 करोड़ रुपए के वित्तीय अनियमितताओं तथा प्रशासनिक गड़बड़ियों की जांच की मांग पीएमओ और केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री से की थी। इस शिकायत पर केंद्रीय रजिस्ट्रार ने इस मामले की जांच के आदेश दिये ।श्री बंछोर ने बताया कि सेल एम्प्लाइज कॉपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी में 2 हजार से अधिक सेल के वर्तमान व पूर्व कार्मिक सदस्य हैं, जिसमें मुख्यतः सीएमओ, कोलकाता तथा सेल कॉरपोरेट ऑफिस के कार्मिक शामिल हैं। इस संस्था में हुए वित्तीय अनियमितताओं तथा प्रशासनिक गड़बड़ियों के कारण सेल के वर्तमान व पूर्व कार्मिक प्रभावित हुए हैं। सदस्यों को 2 सौ करोड़ रुपए अटक गए हैं। सेफी ने पीएम, केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री को पत्र लिखकर सोसायटी में घोटाले की जांच की मांग की थी।



### सदस्यों के करोड़ों रुपए अटके



क्रेडिट सोसाइटी भारी वित्तीय अनियमितताओं तथा प्रशासनिक गड़बड़ियों के चलते सोसायटी के सदस्यों के 200 करोड़ रूपए अटक गए। हमारे निरंतर प्रयासों से सहकारी समिति के केन्द्रीय रजिस्ट्रार द्वारा किये गये जांच में बेहद चौकाने वाले तथ्य सामने आए। सोसाइटी ने 198 करोड़ रूपये, शेयरों और अन्य मनी मार्केट इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश किए, लेकिन कोई डीमैट खाता विवरण प्रस्तुत नहीं किया । सोसाइटी ने पूरी राशि के मूल्य घटने से समाप्त होने का दावा किया। सोसाइटी ने 1,053 सेल के पूर्व कर्मचारियों तथा 12520 बाहरी व्यक्तियों जैसे छोटे विक्रेताओं, रिक्शा चालकों को भी सदस्यता दी, जो मल्टी-स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटी एक्ट का उल्लंघन है। इस घोटाले से सेल के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के जीवनभर की पूंजी संकट में पड़ गई है।

# ऑपरेशन विश्वासः 27 साल पुराने वारंटियों की धरपकड़

## पुलिस का अभियान, दहशत में अपराधी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पुलिस ऑपरेशन विश्वास ने जिले के अपराधियों पर नकेल कसने का काम किया है। 27 साल से फरार वारंटी भी पुलिस पकड़ में आया। इसके लिए पुलिस के 150 कर्मियों ने वारंट तामिली किया। वर्षों से लंबित स्थाई और गिरफ्तारी वारंटियो पर तामिली के लिए पुलिस ने 15-16 मई की रात जिले में आपरेशन विश्वास चलाया गया। थाना क्षेत्रों में वारंटियो की पतासाजी के लिए टीम बनाकर वारंटियों के सकुनत व संभावित ठिकानों में दबिश दी गई। अभियान में 235 वारंट के कुल 198 वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस ने वारंटियों का फिंगर प्रिंट लेकर डाटा बेस तैयार किया है। अभियान में जिलो के सभी थानो के साथ-साथ एसीसीयू की टीम के द्वारा वारंटियो की पतासाजी धरपकड़ की गई। थाना छावनी से फरार 27 वर्ष पुराना वारंटी भी पुलिस पकड़ में आ गया है। छावनी के गुण्डा बदमाश का जिला बदर वारंटी भी तामिल कराया गया। जिले के 235 वारंट में से 204 स्थाई वारंट और 31 गिरफ्तारी वारंट की तामीली कराई गई। जिले में अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए यह अभियान चलाया गया था।फिलहाल ऑपरेशन विश्वास चलता रहेगा। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि पुलिस का ऑपरेशन विश्वास अपराधियों को नहीं छोडेगा। यह अभियान लगातार चलते रहेगा।

### समाज को मैसेज देने का रहा प्रयास

वारंटियों को पकड़कर पुलिस ने जेल के सलाखों के भेजने का मकसद है कि समाज के लोगों को भी इन वारंटियों की जानकारी हो। इसके अलावा समाज में संदेश जाए कि अपराध करने वाले अपराधियों पर पुलिस किस तरह नकेल कसती है। अपराधी कोई भी दुर्ग पुलिस उसे नहीं छोडेगी। वारंटियों को पकड़ने के लिए पुलिस रात व दिन मेहनत कर उनके तक पहुंच पाई है। जिले में अमन चैन हो ऐसी व्यवस्था पुलिस के द्वारा किया जा रहा है। शहर में बढ़ रहे अपराध, चोरियों पर भी इससे अंकुश लगेगा।

### लगातार चलता रहेगा यह अभियान

“ ऑपरेशन विश्वास का मकसद है कि अपराधियों के मन में दहशत पैदा करना है। आम लोगों के बीच विश्वास पैदा करना है।अपराधी अगर अपराध करता है तो पुलिस उनके साथ उससे भी बुरा करेगी। एसएसपी के मार्गदर्शन में यह अभियान चलता रहेगा।

-अभिषेक झा एएसपी दुर्ग

### नेहरू गैलरी में नंदी के छाया चित्रों की प्रदर्शनी

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा वरिष्ठ छायाकार पीके नंदी के छायाचित्र प्रदर्शनी का उदघाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. सौरव मुखर्जी ने किया। 17 मई तक नेहरू आर्ट गैलरी, सिविक सेंटर में आयोजित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन पर विभाग के जीएम अमूल्य प्रियदर्शी, प्रशांत तिवारी, एजीएमरेणु गुप्ता, तथा फोटोग्राफर पी के नंदी व श्रीमती नंदी, भिलाई आट्र्स क्लब के सदस्य



ईश्वर पटेल, गिलबर्ट जोसेफ, ब्रिज बिहारी मिश्रा, सुनीता वर्मा आदि उपस्थित थे। डॉ. मुखर्जी ने नंदी की प्रतिभा और सृजनात्मक दृष्टिकोण की प्रशंसा की। कहा कि कई चित्र इतने मार्मिक है कि वे आपको उनमें खो जाने पर विवश करते हैं। बीएसपी के सेवानिवृत्त चार्जमेन पीके नंदीअनुभवी छायाकार होने के साथ वे यात्रा प्रेमी, आट्र्स क्लब के पूर्व सचिव प्रदर्शनी 17 मई तक प्रतिदिन 5:30 बजे से रात 8:30 बजे तक खुली रहेगी।

# पावरहउस रेलवे स्टेशन के दो रिजर्वेशन काउंटर बंद करने से यात्री हो रहे परेशान

**भिलाई।** पावर हाउस रेलवे स्टेशन को प्रधानमंत्री के मॉडल स्टेशन के रुप में विकसित किए जाने के बीच सुविधाओं में कौटती की जा रही है। इससे यात्री हैरान और परेशान हैं। स्टेशन में दो टिकट काउंटर को बंद कर दिए जाने से मुसाफिर हलाकान हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पावरहाउस स्टेशन को करोड़ों की लागत से पीएम को योजना के तहत नवनिर्माण किया जा रहा है। लेकिन रेलवे द्वारा महीनेभर पूर्व दोटिकट काउंटरों को बंद कर दिया गया है। इससे टिकट को लेकर मारीमारी हो रही है। पूर्व में यात्रियों की असुविधा को देखते हुए तीन रिजर्वेशन काउंटर से टिकट दिया जाता था । लेकिन डिजिटल सेवा के नाम पर 15 मार्च से



■ पीएम व रेलमंत्री को कांग्रेस नेताओं ने लिखा पत्र

रिजर्वेशन काउंटर नंबर 6, व 5 को बंद कर दिया गया है। टिकट के लिए यात्रियों में काफी लंबी लाइन लगी रहती है। टिकट के लिए विवाद होते रहता है।

### एक ही गेट से बढ़ेगी परेशानी

छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र ताम्रकार ने प्रधानमंत्री, रेलवे मंत्री और रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष व मुख्यमंत्री तथा सांसद से डिजीटल टिकट काउंटर सुविधा को जल्द फिर से बहाल करने की मांग की है।। बताया है कि अचानक काउंटर बद किए जाने से भीषण गर्मी मे यात्री परिवार के साथ परेशान हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रतिनिधि अमीरचंद अरोरा एवं भिलाई शहर जिला विशेष आमंत्रित सदस्य लल्लन तिवारी ने बताया कि रेलवे अधिकारियों के अडियनल रवैया के कारण स्टेशन में मात्र एक ही गेट का निर्माण किया गया है जिससे आने-जाने में यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । अधिकारी सुरक्षा संबंधी कारण बताते हुए अन्य गेट निर्माण के लिए मना कर रहे हैं। जबकि अन्य सभी स्टेशनों में दो गेट हैं। कांग्रेस नेताओं ने पीएम व सीएम से पावरहाउस स्टेशन में दो गेट बनवाए जाने की मांग की है।

# भाजपा की सरकार में टाउनशिप के रहवासियों को मिला हॉफ बिजली का लाभः प्रेम प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पूर्ववर्ती सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में लागू की गई हाफ बिजली योजना का लाभ पाने के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को लंबे समय तक संघर्ष करना पड़ा था। भाजपा सरकार और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयासों से अंततः इस योजना को भिलाई क्षेत्र में लागू किया गया, जिससे हजारों उपभोक्ताओं को राहत मिली है। प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने फेसबुक लाइव कार्यक्रम बात भिलाई की के माध्यम से इस विषय पर अपनी बात रखी। पाण्डेय ने बताया कि 1 मार्च 2019 को तत्कालीन प्रदेश सरकार ने प्रदेशभर के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के लिए 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ करने की योजना लागू की थी। लेकिन भिलाई इस्पात संयंत्र के उपभोक्ताओं को इसके लाभ से वंचित रखा गया। तत्कालीन मुख्यमंत्री व स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा लगातार इस मुद्दे पर बीएसपी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को गुमराह किया गया। लेकिन हमने लगातार इसके लिए आवाज उठाई और न्यायायलय तक की लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि हमने समानता के अधिकार के तहत मांग कि बीएसपी टाउनशिप, कैंप 1, खुर्सीपार, जोन 1 से 9, हॉस्पिटल सेक्टर, रूआबांधा, रिसाली सहित पूरे बीएसपी क्षेत्र को इस योजना का लाभ मिलना चाहिए। इस मांग



को तत्कालीन सरकार के मुखिया और उर्जा सचिव तक सामने रखा गया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पूर्ववर्ती सरकार ने तर्क दिया कि बीएसपी के उपभोक्ताओं को सीएसपीडीसीएल की तरह योजना का लाभ नहीं मिल सकता क्योंकि उनके टैरिफ अलग है। लेकिन समानता के अधिकार (अनुच्छेद 14) के आधार पर इस मुद्दे को उठाया गया। आखिरकार लगातार मांग के पश्चात भाजपा सरकार द्वारा इस मांग को पूरा किया गया और लोगों राहत देने का निर्णय लिया। पाण्डेय ने बताया कि जनवरी 2025 में योजना के दूसरे चरण के तहत 8.58 करोड़ रुपए आवंटित किए गए। इससे 12,780 बीएसपी कर्मचारियों और 8,000 गैर बीएसपी निवासियों को लाभ मिला।पहले चरण में भी 4 करोड़ 6 लाख रुपये आबंटित किए गए थे।

# खेलो इंडिया गेम्स में दिखेंगे भिलाई के खिलाड़ी



**भिलाई।** खेलो इंडिया बीच गेम्स प्रतियोगिता 19 मई से 24 मई तक दीव के घोघला समुद्र तट पर आयोजित है। इसमें छत्तीसगढ़ से सीनियर महिला टीम भाग लेगी। इसमें भाग लेने वाली महिला खिलाड़ी सीनियर गर्ल्स टीम (500 कि),लता नाग (कप्तान), त्रिवेणी, नेहा यादव, गरिमा, निर्मला, , राधिका, रीना, दमेश्वरी निषाद, वाणी, पूनम हैं। छत्तीसगढ़ टीम का अभ्यास हर्षल वाघ कोच और तनु कोच मैनेजर के मार्गदर्शन में हो रहा है। टीम की सफलता के लिए छग रस्साकशी संघ के महासचिव श्रीकांत, जी. सुरेश पिल्लई, इंदरजीत सिंह, अजय दिक्षित, प्रभुनाथ बैठा, निशिकांत शर्मा, गिरीश कुमार यादव, औरंगजेब खान ने शुभकामनाएं दी हैं।

## पेज 9 के शेष

### भारतीय सेना के पराक्रम को ...

समाज के सभी वर्गों के लोगों ने हाथ में तिरंगा लेकर तथा भारत माता की जय की गगन स्पशएँ नारे लगाते हुए शहर एवं ग्रामों का भ्रमण किया। इस अवसर पर आम नागरिकों के द्वारा विभिन्न स्थानों में तिरंगा यात्र में शामिल लोगों के ऊपर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। जिला मुख्यालय बालोद में आयोजित तिरंगा यात्र में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा एवं लीला शर्मा सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि चेमन देशमुख, श्री पवन साहू, केसी पवार, सहित एसडीएम सुरेश साहू, तहसीलदार आशुतोष शर्मा, नायब तहसीलदार मुकेश गजेन्द्र, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाओं एवं युवाओं तथा आम नागरिकगण उपस्थित थे।जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुएः उल्लेखनीय है कि नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा में आयोजित तिरंगा यात्र में नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू, उपाध्यक्ष मनोज दुबे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेन्द्र वाडेकर एवं गोविंद वाधवानी, संजीव सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्यजन उपस्थित थे। इसी तरह नगर पंचायत डौण्डीलोहारा में आयोजित तिरंगा यात्र के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निमेन्द्र सिंह टेकाम, जनपद उपाध्यक्ष देवलाल मालेकर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा एसडीएम शिवनाथ बघेल, तहसीलदार सिंह हिंसा राम नायक सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में आम नागरिकगण उपस्थित थे। इसी तरह नगर पंचायत गुण्डरदेही में आयोजित तिरंगा यात्र में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी चन्द्राकर, जनपद अध्यक्ष पुरूषोत्तम चन्द्राकर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सोनकर, पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि पुष्पेन्द्र चन्द्राकर सहित एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा, तहसीलदार कोमल ध्रुरव सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं आम नागरिकगण उपस्थित थे। इसी तरह नगर पंचायत अर्जुंदा में आयोजित तिरंगा यात्र में अध्यक्ष प्रणेश जैन, उपाध्यक्ष अनुभव शर्मा एवं पार्षदगण सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे। इसके साथ ही जिले के सभी नगरीय निकायों के अलावा ग्राम पंचायतों एवं ग्रामीण क्षेत्रें में भी देश भक्तिपूर्ण वातारवरण से ओत-प्रोत भव्य तिरंगा यात्र निकाली गई। इस तरह से आज जिले में आयोजित तिरंगा यात्र राष्ट्रीयता की भावना एवं राष्ट्र प्रेम से ओत-प्रोत रहा।

### नयापारा में 5500 रुपए की ...

तरूण निर्मलकर से घटना में प्रयुक्त एक मोटर सायकल हीरो होण्डा स्पेलेण्डर सीजी 07 एल 4282 व चमड़े का बेल्ट व लूट के रकम 500-500 का 4 नोट कुल 2000 रू एवं आरोपी ईश्वर यादव से लूट के रकम बटवारा में मिले 500-500 रू का 3 नोट कुल 1500 रू एवं प्रियांशु ढीमर को लूट के रकम बटवारा में मिले 500-500 का 4 नोट कुल 2000 रू कुल जुमला नगदी 5,500 रू आरोपियों के कब्जे से जप्त किया गया है। आरोपियों को 16 मई को गिरफ्तार किया कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपीयो मे मरारपारा बालोद वार्ड क्रमांक 08 बालोद थाना व जिला बालोद (छ.ग.) निवासी तरूण निर्मलकर पिता पुरन लाल निर्मलकर 22 वर्ष निवासी के खिलाफ पूर्व में धारा 452, 294, 506, 323, भादवि, धारा 13 जुआ एक्ट, अप.क्र. 15/23 धारा 147, 294, 506, 323, 324 भादवि का अपराध पंजीबध्द है। संजय नगर दुर्गा मंदिर चौक के आगे बालोद थाना व जिला बालोद (छ.ग.) निवासी ईश्वर यादव पिता रिछपाल यादव उम्र 22 वर्ष निवासी के खिलाफ पूर्व में धारा 147, 294, 506, 323, 324 भादवि, धारा 294, 506, 324 भादवि, धारा 457, 380 भादवि, धारा 457,380 भादवि का अपराध पंजीबध्द है। मरारपारा बालोद सोनू चंदेल के घर बालोद स्थाई पता ग्राम सहगांव थाना डौण्डीलोहारा जिला बालोद (छ.ग.) निवासी प्रियांशु ढ़ीमर पिता प्यारेलाल ढीमर उम्र 24 वर्ष के खिलाफ पूर्व में धारा 34(1) आबकारी एक्ट, धारा 3(2) छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022, धारा 452, 294, 506, 323, 324, 34 भादवि, का अपराध पंजीबध्द है।

### एलएलएम की समय सारणी ...

नहीं होगा तो उच्च न्यायालय में याचिका दायर की जाएगी और यूनिवर्सिटी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जाएगी क्योंकि छात्रें को तो ध्यान में रखते हुए 70 दिनों के अंतराल एग्जाम कराकर छात्रें के भाई साहब खिलवाड़ किया जा रहा है, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की लगातार नियमों के खिलवाड़ैं इन खिलाफ शिकायत छात्रें द्वारा की जाती है पिछले साल इस विश्वविद्यालय को डिफाल्टर घोषित कर दिया गया था।

# एएसपी राठौर ने बच्चों को दिए टिप्स चोपकर ने भी दिखाई कलाकृति

**भिलाई।** इप्टा भिलाई के तत्वावधान में नेहरु सांस्कृतिक भवन सेक्टर एक में चल रहे बीस दिवसीय ग्रीष्मकालीन बाल और तरुण नाट्य शिविर में बच्चे नाट्य कला के गुर सीख रहे हैं।

शिविर में बच्चों को कला के सुरक्षा व जागरुकता के टिप्स भी दिए जा रहे हैं। मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी सुखनंदन राठौर और विशेष अतिथि वरिष्ठ काष्ठ कलाकार श्रवण चोपकर नन्हें कलाकारों से रुबरु हुए। श्री चोपकर ने अपनी आकर्षक व संदेशपरक कलाकृति मदर्स एंड चाइल्ड, मंदिर,मस्जिद,चर्च और गुरुद्वारा,कारगिल के शहीदों को समर्पित 106 फीट लंबी चैन का प्रदर्शन किया। उन्होंने कलाकृति से कला के साथ ममता और सांप्रदायिक सदभाव का संदेश दिया।एडिशनल एसपी सुखनंदन राठौर से मुलाकात भी नन्हें कलाकारों के लिए ज्ञानवर्धक रही। उन्होंने रोचक तरीके से बच्चों को सायबर अपराध से बचाने के लिए पुलिस शब्द की सार्थक व्याख्या की । उन्होंने बताया कि अगर पुलिस के पी को पासवर्ड के रूप में ओ को ओटीपी, एल को की लिंक व सी को चैट के संदर्भ में और ई को इमरजेंसी नंबर के रूप के याद रखा जाए तो सायबर धोखाधड़ी से बचा जा सकता है। दोनों अतिथियों को इप्टा के वरिष्ठ रंगकर्मी राजेश श्रीवास्तव व मणिमय मुखर्जी से बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर सुचिता मुखर्जी, चित्रांश श्रीवास्तव, बीबी परगनिहा आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### जर्जर पंचायत भवन का मलबा गिरा, सचिव बाल-बाल बची

**डौंडीलोहारा।** समीप के ग्राम पंचायत कसही लो में पंचायत भवन काफी जर्जर हो चुका है, कई बार नवीन भवन के लिए आवेदन किया जा चुका है लेकिन अभी तक कोई पहल नहीं हुई है बारिश में छत से पानी टपकता है, जिससे सरकारी कामकाज में क्षति के अलावा पंचायत बाड़ी व आम जनता को भी असुविधा होती है , शनिवार दिनांक 17 मई को झंडा यात्रा मनानें के दौरान छत का टुकड़ा टूटकर गिरा जिसमें सचिव खिलेश्वरी भुआर्य बाल- बाल बची इस समय ग्राम के गण मान्य नागरिक सहित नरेंद्र कुमार, यशवंत साहू,शुकवारो बाईं, मनिता बाई,केवरा बाईं, आदि उपस्थित थे।

### गृह दोष के नाम पर झांसा देकर 2.25 लाख रुपए की धोखाधड़ी

**भिलाई।** मकान में गृह धोष शांति का झांसा देकर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि मकान नंबर 457/08 सडक 21/ए आशीष नगर रिसाली निवासी अनिल वशिष्ठ ने शिकायत किया है कि 18 फेस-2 श्री जी कल्पतरु कालोनी अमलीडीह रायपुर निवासी विवेक कुमार मिश्रा गृहदशा ठीक नहीं होना व अच्छे लोकेशन पर मकान जमीन दिलाने का झांसा देकर 2 लाख 25 हजार 501 रुपए का ठगी किया है। आज तक जमीन नहीं दिखाया गया और रकम तक पीड़ित को नहीं लौटाया है। विवेक कुमार मिश्रा से वर्ष 2022 में मुलाकात हुआ था। विवेक ने गृह दोष पूजा पाठ करना बताया और घर भी एक बार आया था। घर में परेशानी होना बताया और एक बार गृह दोष शांति के लिये पूजा करने की बात कहकर 2100 रुपए नगद लिया था। फोन से बातचीत में बताया कि पीड़ित के घर पर दोष है। नया घर लेना पडेंगा मेरा रायपुर में बडे बडे अधिकारियों से जान पहचान,अच्छे लोकेशन में जमीन दिलाने का झांसा दिया।

### बैंक खाते से 2.25 करोड़ का लेन, देन बलिया में भिलाई का युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** भिलाई का एक युवक बलिया जिले के सहतवार थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। आशंका जताई जा रही है कि मामला महादेव सट्टा से जुड़ा हुआ है। युवक के खिलाफ पुलिस ने धारा 111 बीएनएस और 66 डी आईटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। मिली जानकारी के मुताबिक हाउसिंग बोर्ड भिलाई निवासी बृजेश कुमार यादव उर्फ जसवंत नामक युवक को बलिया साइबर थाना पुलिस ने बैंक खाते से धोखाधड़ी करने के आरोप में पकड़ा है। युवक शादी का झांसा देकर पीड़ित की बहन से रिश्ता तय किया। इसके बाद बृजेश पीड़ित को अपने फंसे हुए पैसों का झांसा देकर भरोसे में लिया। बृजेश ने पीड़ित के नाम से बलिया में आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक में खाता खुलवाया। आईसीआईसीआई बैंक का खाता 2023 में खुलवाया गया था। जिसकी चेक बुक और एटीएम कार्ड बृजेश अपने पास रख लिया। पीड़ित को संदेह होने पर आईसीआईसीआई बैंक का स्टेटमेंट निकालवाने पर जानकारी हुई कि 4-5 माह में करीब 2.25 करोड़ रुपए का लेनदेन खाते से हुआ है।

### यात्रा : आपरेशन सिंदूर की कामयाबी हमारी सेना का गौरव

# सेना के शौर्य को प्रणाम व वंदन कर निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

ग्राम पंचायत जामगांव आर के आव्हान पर नगर के बुद्धजीवियों मातृशक्ति एवं ग्रामीणों ने नगर में भव्यता के साथ निकाली तिरंगा यात्र और भारत की सेना की शौर्य को प्रणाम नमन वंदन अभिनन्दन, नगर ग्रामपंचायत भवन से प्रारंभ तिरंगा यात्र बाजार रोड सदर लाइन पटेलपारा, बस स्टेंड गुण्डरदेही, रोड बाजार रोड होते हुए पंचायत भवन में पूर्ण हुई। किसान चौक जामगांव आर में देश भक्तों ने गगन भेदी नारा लगाकर भारत माता की जयकारा करते हुए पाक के नापाक इरादो की घोर निंदा किए। तिरंगा यात्र का नेतृत्व सरपंच रूपेंद्र शुक्ला उपसरपंच मुकेश साहू एवं सचिव नरेश महतो ने किया।

### भारत आतंक बर्दाश्त नहीं

सरपंच रूपेंद्र शुक्ला ने कहा कि भारत की संस्कृति किसी को मारना नहीं सिखाती लेकिन कोई आतंक करे तो उसे सबक सिखाना जरूर सिखाती है। इस कार्य को बखूबी निभाने में हमारे जाबाज सेना ने केवल पाक को नहीं पूरा विश्व को दिखाया कि हम शांति प्रिय लोगो के लिए शांत है।भारत की ओर कोई बुरी नजर उठाकर देखे यह भारत बर्दाश्त नहीं करेगा।घर में घुसकर मारा है नहीं सुधरा तो और मारेगा।






### तिरंगा यात्र में शामिल हुए

तिरंगा यात्र मेंआज की तिरंगा रैली जामगांव आर में आसकरण जैन, पूर्णेंद्र सिन्हा, भनेश्वरी पटेल, सुभाषणी, संगीता साहू, सुरेखा साहू, नमिता यादव, दिलेश्वरी, सुभिया, रामेश्वरी, रजनी, बहुरा, कीर्ति, खिलेश्वरी, खेमिन, पिलेश्वरी, लता, सरोज यादव, भारती साहू, किरण साहू, मनीष जैन, प्रेमचंद, सौरभ राठी, चन्द्रकैलाश जैन, कामता प्रसाद साहू, लूणकरण जैन, धर्मेंद्र निर्मलकर, दुजराम, बहुरसिंह, उमा निर्मलकर, भारती सोनबेर, फुलेश्वरी, ममता साहू, मोहनी मश्के, सुनीता साहू, बसंती साहू, डॉमिन साहू, सुनीता धीवर, सरपंच रूपेंद्र शुक्ला, उपसरपंच मुकेश साहू, सचिव नरेश महतो, भृत्य संतोष साहू, कम्प्यूटर ऑपरेटर शरद साहू शामिल हुए।



### विष्णुधाम ओटेबद मंडल ने निकाली तिरंगा यात्रा



**अंडा।** भारतीय सेना के वीर जवानों के अदम्य शौर्य और पराक्रम को सम्मान देने हेतु छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश की सभी ग्रामपंचायतों के गावों में देवरी ख, खप्परवाडा, डौकीडीह, सिरसिदा, गोरकापार, सकरौद, राहुद, परसाही, रनचिराई, भाठागांव होते हुए वापस ओटेबंद पहुंचा, इस अवसर पर भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष लेख राम साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ठाकुर राम चंद्राकर, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरूषोतम लाल चंद्राकर,मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू,जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, महामंत्री हेमंत साहू, तुलेश्वर चंद्राकर पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी, मण्डल उपाध्यक्ष प्रमोद पटेल, जनपद सदस्य कौशल किशोर साहू, गुलशन कुमार साहू, संध्या मनोज खरे, हेमलता रविन्द्र देशलहरा सरपंच कुसुम प्रमोद देशमुख, भूपेंद्र निषाद, शत्रुहन साहू, मेघनाथ कुम्भकार, कुणाल कुर्रे, रूपेश्वर यादव, लेवन देशमुख, तुलसी राम साहू, पुखराज निर्मल, लोकेश चंद्राकर, स्वप्निनील शर्मा,जालेश्वर पटेल, चित्रकांत कतलम, भीमराज साहू, भोज देवांगन,वेदप्रकाश साहू, नेमचंद साहू, प्रदीप साहू उपस्थित थे।



### ओरमा ग्राम पंचायत में तिरंगा यात्रा निकाली

**बालोद।** जनपद पंचायत बालोद के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत ओरमा में तिरंगा यात्र निकाला गया। उक्त अवसर पर जनपद सदस्य मोहिनीस पार्कर, सरपंच मंजूलता परस साहू, उप सरपंच रामचंद्र यादव, सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष गुणवंत लाल श्रीवास्तव, पंच संतोष साहू, डोमार कुंभकार, सुदामा साहू, चंचल साहू सगुना साहू, दुलेश्वरी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता महिला समूह के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के पंचायत सचिव संतोष साहू, अभिजीत श्रीवास्तव एवं बड़ी संख्या में नागरिक की तिरंगा यात्र में शामिल हुए।

### आपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली गई तिरंगा यात्रा

**जामगांव आर।** भारत सरकार द्वारा आतंकवाद के विरूद्ध चलाई गई आपरेशन सिंदूर की जबरदस्त सफलता पर भारतीय सेना के सम्मान मे गांव गांव गली गली तिरंगा यात्र निकाली गई। यह तिरंगा यात्र भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम, साहस, शक्ति, युद्धकौशल, आयुधचालन कला, का वैश्विक संदेश हैं। आपरेशन सिंदूर एवं तिरंगा यात्र के निहित उद्देश्य पर शिक्षक सीएल साहू ने प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारा भारत भगवान महावीर के सिद्धांत अहिंसा परमो धर्मह पर चलने वाली सभ्यता संस्कृति पर विश्वास रखता है। हमारी संस्कृति माताओं को शक्ति के रुप मे पूजनें की रही जिसे आततायियों ने अपमानित करने का प्रयास किया। इस कुत्सित प्रयास



को भारत सरकार ने शक्ति के रुप सिंदूर से कुचलने के लिए आपरेशन सिंदूर चलाया। तिरंगा यात्र दिवस पर,ग्राम पंचायत कुम्हली मे भी राष्ट्रीय ध्वज के तले, ग्राम पंचायत के सरपंच पंच, विद्यालय के प्रधान पाठक, पंचायत सचिव, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन,ग्राम वासी तिरंगा यात्र मे सहभागी बने। इस अवसर पर सरपंच टिकेश्वरी ठाकुर, उपसरपंच विजय कुमार साहू, सचिव गैंदालाल कलिहारी, प्रधान पाठक सीएल साहू,पूर्व सरपंच खिलावन साहू, पंच मोगन लाल, मेहतर यादव, आरती साहू, पेमन साहू, खम्भन साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भुनेश्वरी साहू, जमूना चंद्राकर, नेमेश्वरी महिपाल, विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## देवांगन समाज डौडी लोहारा की वार्षिक आमसभा आज

**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक देवांगन समाज डौडी लोहारा जिला बालोद छत्तीसगढ़ के द्वारा वार्षिक आम सभा 2024 -25 का आयोजन दिनांक 18 मई रविवार समय प्रातः 11:00 से ग्राम कापसी डौडी लोहारा में विशाल देवांगन निवास परिसर बस स्टैंड कापसी में रखा गया है जिसके मुख्य अतिथि जिला देवांगन समाज बालोद के अध्यक्ष दीपक देवांगन एवं अध्यक्षता राजेंद्र कुमार देवांगन अध्यक्ष ब्लॉक देवांगन समाज डौडी लोहारा करेंगे महिला प्रतिनिधि के रूप में शशि कला देवांगन उपाध्यक्ष उपस्थित रहेंगी। आम सभा में साल भर की सामाजिक गतिविधि, क्रियाकलाप ,सामाजिक सुधार,विभिन्न मंडल एवं ग्राम इकाई से प्राप्त आवेदनों पर विस्तृत चर्चा कर उचित मार्गदर्शन एवं सुझाव से समाज को गति प्रदान करने की दिशा में उचित पहल किया जाएगा। कार्यक्रम में ब्लॉक देवांगन समाज डौडी लोहारा द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024- 25 में ब्लॉक में निर्वाचित सामाजिक गणों को जिसमे सरपंच,उप सरपंच,जनपद सदस्यों, जिला पंचायत सदस्य को सम्मानित किया जाएगा। इस हेतु कौशलेंद्र देवांगन सरपंच ग्राम पंचायत कापसी एवं कापसी ग्राम इकाई देवांगन समाज के अध्यक्ष डोमन लाल देवांगन एवं ब्लॉक कोषाध्यक्ष धंजू देवांगन द्वारा विशेष प्रयास किया जा रहा हैं।आमसभा को सफल बनाने हेतु ब्लॉक देवांगन समाज डौडी लोहारा,मंडल देवांगन समाज डौडीलोहारा ,भैंसबोड, कोरगुड़ा, सुरेगांव तथा संपूर्ण ग्राम इकाई के संरक्षकगण, पदाधिकारी, कार्यकारिणी एवं समाज के वरिष्ठ निष्ठावान नागरिकों से निवेदन की अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आम सभा को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। उपरोक्त समस्त जानकारी सचिव रमेश कुमार देवांगन एवं उपाध्यक्ष पंचराम देवांगन द्वारा दिया गया।

# खोई पहचान पाने तरस रहा खरखरा जलाशय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



नगर से मात्र 8 किलोमीटर दूरी पर स्थित खरखरा जलाशय अपनी पहचान खोते जा रहा है, खरखरा जो कभी 12 महीने पर्यटकों से गुलजार रहता था, परंतु आज यह जलाशय पर्यटकों के लिए तरस रहा है, रही सही कसर कुछ अवांछित तत्व पूरा कर रहे हैं, क्षेत्र का एकमात्र ऐसा पर्यटन स्थल जो ऊंचे पहाड़ियों और सदाबहार हरे भरे वृक्षों से घिरा होने के कारण बहुत ही रमणीय लगता है, जलाशय के बीच में खड़ा टापू भी इस जलाशय को और भी बहुत खूबसूरत बनाता है, परंतु कुछ वर्षों से प्रशासन की उदासीन रवैये के कारण भिलाई इस्पात संयंत्र जैसे उद्योग, दुर्ग नगर निगम की जीवनदायिनी तथा हजारों हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचित करने वाला एकमात्र जलाशय अब पर्यटकों के लिए तरस रहा है, कभी आवागमन के लिए सुगम रास्ता भी अब ऐसा हो चला है जिस पर साइकिल तो दूर पैदल चलना भी नामुमकिन है, कभी ठहरने के लिए एकमात्र रेस्ट हाउस था वह भी अब खंडहर में तब्दील हो चुका है, पर्यटकों के ठहरने के लिए सर्व सुविधा युक्त जगह की कमी है, स्वच्छ पेयजल की समस्या है, यहां सुरक्षा के नाम पर नजदीकी थाना संजारी होने के बाद भी यहां कोई सिपाही नहीं रहता जिससे कि यहां कई बार अप्रिय घटना घटित हो चुकी है, वर्षों पूर्व आने जाने वालों का मुख्य द्वार पर बकायदा नाम पता सहित पूरी जानकारी एंट्री किया जाता था, अब तो पूरा जलाशय क्षेत्र वीरान सा लगता है जलाशय में जल संसाधन विभाग का एक भी कर्मचारी का नहीं रहना भी संशय प्रगट करता है, कुछ वर्ष पूर्व भाजपा शासन काल में यहां के रेस्ट हाउस को पर्यटन विभाग द्वारा अपने हाथ में लेकर लाखों रुपए खर्च कर सजाया संवारा गया था, लेकिन न जाने ऐसी नौबत क्यों आयी कि देखरेख के अभाव में असामाजिक तत्वों द्वारा पूरा बिल्डिंग तोड़फोड़ कर जर्जर कर दिया गया है, खिड़की, दरवाजे, पीओपी तोड़कर चोरी कर लिया गया है या तोड़फोड़ कर दिया गया है, आखिर प्रशासन को करोड़ों रूपया का राजस्व प्रदान करने वाले इस जलाशय क्षेत्र का हाल बेहाल क्यों? क्या इस पर किसी जनप्रतिनिधि का ध्यान नहीं या ट्राइबल एरिया होने के कारण प्रशासनिक अमला या जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं देना चाहते, जनहित को देखते हुए खरखरा जलाशय में तत्काल आवागमन की सुविधा बहाल किया जाए जिससे कि पूर्व की भांति फिर यह जलाशय सैलानियों से गुलजार हो सके।

मटिया मोती नहर व खरखरा जलाशय के एसडीओ ए के बघेल ने बताया कि खरखरा जलाशय के नए विश्राम गृह निर्माण हेतु आवंटन अभी के बजट में किया गया है विभागीय प्रक्रिया पूरी करने के बाद कार्य चालू कर दिया जाएगा।

## मोमेंटो व श्रीफल देकर ससम्मान दी विदाई



**गुरूर।** ग्राम पंचायत दुपचेरा में विदाई सम्मान समारोह रखा गया। जिसमें पूर्व जनपद सदस्य एसकुमार कलिहारी व पूर्व सरपंच गैदलाल सोनबोईर एवं पूर्व पंचगन का ग्राम पंचायत दुपचेरा द्वारा मोमेंटो व श्रीफल देकर सह सम्मान विदाई किया गया।

### ट्रिपल इंजन की सरकार का लाभ उठाए और विकास कार्यों को गतिशील बनाने में सहयोग करें

# मंडल स्तरीय संगठनात्मक सम्मेलन में भाजपा को मजबूत और समृद्ध बनाने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

भारतीय जनता पाटएँ जामगांव आर मंडल स्तरीय संगठनात्मक सम्मेलन का आयोजन टेमरी विश्राम गृह में शुक्रवार को जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जिसमें भाजपा दुर्ग के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक का प्रथम आगमन हुआ।

बैठक में विशिष्ट अतिथियो भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, पूर्व विधायक गुण्डरदेही डॉ. दयाराम साहू, भाजपा दुर्ग के जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू, जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक, उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू भाजपा के युवा नेता दीपक चोपड़ा महिला मंडल अध्यक्ष शैलेंद्री मंडावी, पूर्व मंडल अध्यक्ष धनराज साहू, मंडल कोषाध्यक्ष निर्मल जैन, मंडल उपाध्यक्ष टेसराम साहू, नेतराम निषाद, पूर्व महामंत्री प्रमोद जैन, नरेश केला, अभयराम ठाकुर, जस रामकुमार चंद्राकर की उपस्थिति रही।





**बैठकों से तालमेल बढ़ेगी जन हित में होंगे काम:** मण्डल अध्यक्ष कमलेश साहू ने संगठनात्मक मजबूती, आगामी योजनाओं एवं जमीनी कार्यों की समीक्षातमक जानकारी देते हुए वाणिमय स्वागत किए। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि सत्ता और संगठन का तालमेल अच्छा सा बैठाकर आमजनता को लाभान्वित करने के लिए सभी स्तर का भाजपा संगठन सतत संपर्क अभियान चला रही है जो कंठ मुक्त सराहनीय है।

**पंच से पॉलियामेंट तक सत्तासीन होने में भाजपा कार्यकर्ता कामयाब हुए:** भाजपा दुर्ग जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंच से पालियांमेंट तक भाजपा की ट्रिपल इंजिन सरकार बनाने में काबिले तारीफ भूमिका निभाई है। जो कंठ मुक्त सराहनीय है। उन्होंने कहा कि बूथ मजबूत होने से पाटएँ और कार्यकर्ता का मजबूत होना तय है। मजबूत संगठन और मजबूत सत्ता जब जनहित के बारे में सोचती है तब अंतिम व्यक्ति मुख्यधारा में शामिल होने लगती है। कौशिक ने कहा कि संगठन से सत्ता की राह निकलती है सत्ता और संगठन का भरपूर लाभ आम जनता को मिलना चाहिए। संगठन की संकल्पित कार्यशैली से जनता की सेवा के लिए मिलती है सत्ता। उन्होंने कहा कि आज बड़े बड़े पदों पर आसीन होकर सेवा करने वाले नेता कभी आप हम जैसे सामान्य कार्यकर्ता भी थे कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री या उच्चे पदों पर आसीन होने का अवसर भारतीय जनता पाटएँ में मिलती है क्योंकि यह परिवार वाद वाली पाटएँ नहीं है।

### बूथ अध्यक्ष का सतत जन संपर्क जरूरी

पूर्व विधायक डॉ दयाराम साहू ने कहा कि जनता की समस्या संगठन के माध्यम से सत्ता तक पहुंचाकर काम कराने में सभी को रुचि लेनी चाहिए। तभी जनता की अपेक्षा में खरा उतरा जा सकेगा। बूथ अध्यक्ष का सतत जन संपर्क जरूरी है। प्रभारी पूर्व मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू संगठन की श्रृंखलात्मक पद्धति पर प्रकाश डाले। जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू ने प्रभावी मार्गदर्शन दिए। सम्मेलन में 40 ग्रामों के बूथ अध्यक्ष नवनिर्वाचित सरपंच पंच गण सोसायटी अध्यक्ष गण सहित सभी स्तर के पदाधिकारी काफी तादात में उपस्थित रहे।

### भाजपा कार्यकर्ता छत्तीसगढ़ को गुजरात मॉडल बनाए

जिला भाजपा पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने बूथ मजबूत बनाकर सतत विजय का शंखनाद करते हुए गुजरात मॉडल बनाने की नसीहत दिए।उन्होंने एक राष्ट्र एक चुनाव को देश हित में बताया। गरीब को पीएम बनाने काम भाजपा करती है परिवार के सदस्य दर सदस्य पीएम सीएम बनने की कहानी भाजपा में नहीं दिखती यह अन्य पार्टियों के डीएनए में शामिल है। वर्मा ने अनुशासनहीनता से बचने की सलाह दिए। जनपद पंचायत पाटन अध्यक्ष कीर्ति नायक ने कहा कि हमारे प्रधान सेवक की नीति साफ सुथरी है अच्छा काम होना तय है निधि के साथ साथ अन्य विधि से भी जनता की भरपूर सेवा करेंगे। **40 ग्रामों के भाजपा नेता उपस्थित रहे:** सम्मेलन में युवा भाजपा नेता योगेश्वर साहू, बेनीराम साहू, डॉ राजेश बंछोर, रूपसिंह, पूर्णेंद्र सिन्हा, बाबा वर्मा, खुमान जांगड़े, डॉ हिमाचल साहू, देवानंद देवांगन, मुरली, वैष्णव, डोमार महोबिया, अंगेश्वर साहू, अरुण चंद्राकर, अभिषेक सेन, छबिलाल साहू, राधेश्याम चंद्राकर, निर्मलकर सहित 40 ग्रामों के भाजपा सदस्य उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**



## समर कैंप में दी स्पोकन इंग्लिश की जानकारी

**बालोद।** सभी विद्यार्थियों में रचनात्मक कौशल को निखारने के लिए लोक शिक्षण संचालनालय नया रायपुर के आदेशानुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत व्याख्याता अजय पाठक के द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों को स्पोकन इंग्लिश की आवश्यकता पर जानकारी दी गई। साथ ही सभी को अपने जीवन में थोड़े थोड़े प्रयास से इंग्लिश में बोलचाल करना चाहिए। आगे बताया गया कि आज के समय में अंग्रेजी वैश्विक भाषा के रूप में उपयोग की जाती है तथा उच्च शिक्षा व प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए इंग्लिश अति आवश्यक है। जब हम अच्छे इंग्लिश बोल लेते हैं तो हमें आत्मविश्वास की वृद्धि होती है। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को इंग्लिश में बोलचाल करने के छोटे छोटे टिप्स दिए।

## कचरा के विवाद पर महिला ने किया प्राणघातक हमला

**भिलाई।** कचरा फेंकने को लेकर हुए विवाद में महिला ने आरी निकालकर हमला करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर दोनों पक्षों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि ईडब्लूएस 201 कैलाश नगर हाउसिंग बोर्ड निवासी आरती शर्मा ने शिकायत किया है कि पड़ोसी नरेन्द्र प्रताप सिंह से रोजाना घर के सामने कचरा फेका करता था। 16 मई की सुबह पीड़िता कचरा फेकने गई थी। तब उसी समय नरेन्द्र प्रताप सिंह और उसकी पत्नी रेणु सिंह घर के सामने कचरा फेकने से मना किया। इस दौरान कचरा फेंकने को लेकर विवाद हो गया। नरेन्द्र प्रताप सिंह व पत्नी रेणु सिंह ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। हाथ मुक्का से मारपीट कर पीड़िता को चोट पहुंचाया। बीच बचाव करने पहुंचे पड़ोसी वेकटेश शर्मा द्वारा भी हाथापाई किया गया है। घटना में पीड़िता के बाये हाथ पेट में चोट आई और पति सौरभ शर्मा के मुंह में चोट आई है। वहीं नरेन्द्र प्रताप सिंह ने पुलिस को बताया कि आरती शर्मा ने विवाद के बाद लकड़ी काटने की आरी से हमला कर दिया।

# मुमुक्षु बहनों की बाजे गाजे के साथ मंगल गीत गाते शानदार शोभायात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर की दो मुमुक्षु बहने नेहा डोसी व साक्षी भंसाली ने संयम का मार्ग चुना है।अब ये दोनों ही मुमुक्षु बहनें साध्वी बनकर आत्मकल्याण की ओर अग्रसर होंगी।सांसारिक जीवन में रहते हुए इन्होंने संसार की असारता को जाना व समझा व सद्गुरु के सानिध्य में रहते हुए मानव जीवन के मर्म को समझा।मुमुक्षु बहनों का कहना है कि यह मानव जीवन सिर्फ और सिर्फ आत्मकल्याण के लिए ही प्राप्त हुआ है इसी मानव शरीर के माध्यम से साधना आराधना की जा सकती है। मुमुक्षु बहनों के इस नगर में व सांसारिक जीवन में अब कुछ ही दिन बचे हैं ऐसे में संघ समाज नाते रिश्तेदार व सखा सम्बन्धियों के द्वारा विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं इसी परिप्रेक्ष्य में सामाजिक लोगों ने मुमुक्षु बहनों का स्नेह अभिनंदन व बंदोला समारोह रखा।नगर के विवेकानंद चौक से दोनों ही मुमुक्षु बहनों नेहा व साक्षी को आकर्षक खुले जीप में सवार कराकर बाजे गाजे व मंगल गीतों के साथ शोभायात्रा की शक्ल में नगर के स्थानक भवन तक लाया गया।इस दौरान संयम जीवन सार है बाकी सब बेकार है आदि विभिन्न जयघोष भी लगाए गए।सदर मार्ग के दोनों ओर उपस्थित जन समुदाय ने दोनों ही मुमुक्षु बहनों का अभिवादन किया।स्थानक भवन में दोनों ही बहनों को सुसज्जित मंच में विराजमान कराकर पुनः कुमकुम तिलक व हार मेवा आदि से स्वागत अभिनंदन किया गया।

## मुमुक्षु बहनों का स्नेह अभिनंदन एवं बंदोला कार्यक्रम का हुआ आयोजन



### हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

इस दौरान नन्हे मुन्ने बालक बालिकाओं ने धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी।नेहा व साक्षी ने उपस्थित लोगों को धर्ममय जीवन जीने की प्रेरणा देते हुए कहा कि धर्म ही सच्चा साथी है जो इस भव परभव में साथ साथ चलता है।सांसारिक सुख क्षणिक है वहीं धर्म का सुख मोक्ष का सुख शाश्वत है।जाने अनजाने हुई गलतियों की क्षमायाचना करते हुए संयम जीवन के महत्व को विस्तार से बताया।अनेकों लोगो ने धर्म के मर्म को समझते हुए विभिन्न नियम व प्रत्याख्यान ग्रहण किए।मुमुक्षु बहनों ने महामंगलपाठ श्रवण कराया।

**जागरूकता :** गायत्री परिवार व्यक्तित्व निर्माण युवा आवासीय शिविर का समापन आज

# नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन कर व्यसन मुक्ति का दिया संदेश एवं की अपील





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

नशा मुक्त भारत अभियान एवं गायत्री परिवार के व्यसन मुक्ति अभियान के अंतर्गत व्यक्तित्व निर्माण युवा आवासीय शिविर गायत्री शक्तिपीठ गुरुर में 14 से 18 मई चल रहे शिविर में तीसरे दिन नगर पंचायत गुरुर के तहसील रोड से होते हुए बाजार चौक गुटका जर्दा नशा से होने वाले परेशानी एवं इसके दुष्परिणाम को लक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रदर्शित करते हुए जन–जन समुदाय को पूरी नगर वासी को नशा से दूर रहने के लिए प्रार्थना और अपील किया गया।

नशा उन्मूलन रैली के दौरान नगर में विराजित टुवाणी मेडिकल की ओर से भाई बहनों को पेयजल एवं फ्रूटी देकर कार्य की प्रशंसा किया फिर आगे बस स्टैंड में लोगों को जागरूकता संदेश दिया गया। इसी क्रम में श्याम वस्त्रलय की और से भी पेयजल एवं चॉकलेट की व्यवस्था किया गया। रैली आगे बढ़ते गया और जन–जन को जागरुक करते हुए नशेड़ी लाल की शव यात्र निकालकर जनमानस को संदेश दिया गया। इसके अंतर्गत विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र थीम पर शपथ ग्रहण, नुक्कड़ नाटक, मानव श्रंखला कार्यक्रम हुए।



शपथ ग्रहण कार्यक्रम के अवसर पर टोली नायक तुलसी कैलाश साहू ने रैली में उपस्थित सभी को नशा न करने की शपथ दिलाई और यह संदेश अपने आस पड़ोस और रिश्तेदारों तक पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही सभी संस्थाओं से मिलजुल कर इस महामारी से निपटने की अपील की।

इस अवसर पर गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि प्रज्ञा पुत्रें शांतिकुंज हरिद्वार ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि गायत्री परिवार के संस्थापक गुरुदेव आचार्य श्रीराम शर्मा ने इस व्यसन महामारी को एक अभियान के रूप में लिया है और जितने भी हमारे आध्यात्मिक यज्ञ कर्मकांड होते हैं, उसमें एक बुराई व्यसन के रूप में छोड़ने का संकल्प कराते है। उन्होंने कहा कि व्यसन से बचाकर इस राशि को श्रजन में लगाना चाहिए। व्यसन से परिवार, समाज, शरीर, सम्मान सभी का नुकसान होता है।

कार्यक्रम मे जिला समन्वयक बालोद बीएस अठनगर, ब्लॉक समन्वयक धन सिंह गंजीर, ब्लॉक सहसमन्वयक गुरुर शक्तिपीठ डॉ गोपाल साहू ने नशा मुक्त भारत अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी और जुड़ने के तरीके बताएं। इस अवसर पर गायत्री परिवार के नशा उन्मूलन जिला प्रभारी युवा प्रकोष्ठ बालोद विमल साहू, डफली प्रशिक्षक चेमन साहू, प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ सहसमन्वयक छत्तीसगढ़ सीपी साहू, जिला युवा प्रकोष्ठ प्रभारी बालोद दिलीप निर्मलकर, जिला युवा प्रकोष्ठ सहप्रभारी बालोद भोलेश्वर सिन्हा, समन्वयक धोबनपूरी हरि राम साहू, बालाराम सोनवानी, रोहित साहू, मायाराम यादव, झम्मन साहू,रेवेंद्र सोनवानी, रामू सिन्हा, सुखराम साहू, धनेश साहू, चिंता राम दीदी श्लेखा साहू, चित्रलेखा नागवंशी, नीतू ग्वाल, हेमलता साहू, पूर्णा हिरवानी, कुंती रावते, उमाशंकर साहू, नरेंद्र साहू, नामदेव साहू, जगमोहन साहू, मनीष साहू एवं गायत्री मंदिर के परिवाजक श्री बहूर सिंह के साथ ही लगभग 350 परिजन रैली में मौजूद रहे।

# भाजपा मंडल मीरींटोला की कार्यकारिणी घोषित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

भारतीय जनता पार्टी मण्डल मीरींटोला पुरूर ने अपने कार्यकारिणी की घोषणा की है जिसमे अध्यक्ष टुकेश्वर प्रसाद पाण्डेय को बनाया गया हैं। वही 4 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री, कोशाध्यक्ष, 4 मंत्री व कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए है।

जिसमे उपाध्यक्ष मेहत्तर नेताम, होमशंकर साहू, सविता साहू, डामेश्वरी साहू, महामंत्री यदिप साहू गोल्डी, राकेश सिन्हा, कोशाध्यक्ष प्रहलाद साहू, मंत्री सुनिता सुरेन्द्र तिवारी, ममता विजय गौतम, आरती साहू, बाबुलाल सिन्हा, कार्यकारिणी सदस्य बिसम्भर साहू, ताम्रज साहू, अनिल साहू, बिशाल दिवान, गोकुल साहू, बिसेसर निशाद, झलेन्द्र निशाद, भवन साहू, भुपेन्द्र सिन्हा, कुले"वर साहू, शैलेन्द्र सिंह सोरी, मोहन साहू, धनेन्द्र साहू, पुरूशोत्तम साहू, नरोत्तम साहू, रूद्र प्रकाश साहू, रामचन्द्र साहू, गोकुल ठाकुर, पुजा सिन्हा, दिने"वरी सिन्हा, गंगा टण्डन, कुमारी साहू, दिव्या तारम, संतोशी साहू, तारणी साहू, लता नरेश, हिरामणी केजु, पार्वती साहू, तीरथ यादव, घन"याम साहू, ईश्वर साहू, पुनाराम साहू, कन्हैया साहू, शंकर पटेल को बनाया गया है।



## सेना के पराक्रम को प्रणाम कर निकाली तिरंगा यात्रा

**डौंडीलोहारा।** पहलगाम घटना के बदले भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर और हिंद सेना के शौर्य पराक्रम के सम्मान में जगह-जगह तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है इसी तारतम्य में संबलपुर में भी तिरंगा लहराकर भारत माता के लिए जयघोष के साथ ग्राम के गली मोहल्ले में भ्रमण किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य टिकेश्वरी साहू, सरपंच रेणु गायकवाड़ के अलावा पंचायत प्रतिनिधि वीरेंद्र अजनबी, रेखा जोशी, ज्ञान बाई सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे ।

# पंचायत अंडा में सेना शौर्य पर निकाली तिरंगा यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अंडा में ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर जागरूकता रैली ग्राम पंचायत अंडा में गांव का भ्रमण किया गया जिसमें प्रमुख रूप से जनपद पंचायत सदस्य अजीत चंद्राकर सरपंच दिग्विजय सिन्हा उप सरपंच यशवंत बंजारे सांसद प्रतिनिधि मनोज चंद्राकर पंचगन विमला जांगड़े उत्तरा देशमुख सती गोस्वामी जंगला दास चेलक सीता साहू अंजली जोशी अन्नपूर्णा ठाकुर प्रभा साहू लक्ष्मी सिंह मोहिनी देशमुख रूपेश सिंह सचिव कंप्यूटर ऑपरेटर नोहर चंद्राकर प्रदीप यादव हेमंत चंद्राकर पंप ऑपरेटर पोषण महार हेमलता देवांगन और ग्राम के पानी पंचायत अध्यक्ष तिलक चंद्राकर लोकेश देवांगन मुकेश चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे और ऑपरेशन सिंदूर से पूरे गांव में उत्साह का माहौल है और अपने सेना के ऊपर सभी ने गर्व महसूस किया ग्राम पंचायत सरपंच दिग्विजय सिंह ने कहा कि देश की आन बान के लिए भारत का हर एक नागरिक देश की सेवा और सरकार के साथ है वही जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर ने कहा कि आने वाले समय में कभी भी दुश्मन भारत देश के ऊपर कुछ भी आक्रमण करता है तो पूरा देश सेना के साथ रहेगा आज ग्राम पंचायत अंडा से अटल चौक तक और अटल चौक से बस स्टैंड तक महिलाओं पुरुषों और बच्चों ने भ्रमण कर इस शौर्य को पूरे धूमधाम से ग्राम पंचायत अंडा में मनाया गया।

# कुसुमकसा में तिरंगा यात्रा निकाली एवं राष्ट्रीय सुरक्षा का दिया संदेश

**कुसुमकसा।** राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुसुमकसा में तिरंगा यात्रा निकाली गई, तिरंगा यात्रा का शुभारंभ भारत माता व छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र पर पूजा अर्चना कर किया गया तदपश्चात वेदबाईं पिस्दा सरपंच ग्राम पंचायत कुसुमकसा की अगुवाई में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक शीर्षक वाले बैनर व बजे गाजे के साथ हाथो में तिरंगा झंडा लिए तिरंगा यात्रा ग्राम पंचायत भवन से निकाली गई जो बस स्टैंड चौक ,दुर्गा मंदिर होते हुए शहीद स्मारक में समाप्त हुआ ,इस दरम्यान हम सेना के साथ है ,आपरेशन सिंदूर के साथ राष्ट्र खड़ा है ,भारत माता की जय ,देशभक्ति के जयकारों से साथ तिरंगा यात्रा गुंजायमान होता रहा ,इस अवसर पर वेदबाई पिस्दा सरपंच ,नितिन जैन उपसरपंच, योगेंद्र सिन्हा अध्यक्ष भाजपा मंडल कुसुमकसा,अनिल सुथार अध्यक्ष व्यापारी संघ कुसुमकसा,संजय बैस पूर्व जनपद सदस्य,शिवराम सिंद्रामें पूर्व सरपंच ,सेवक जेठवानी उपाध्यक्ष व्यापारी संघ ,, पंचगण पंकज जेठवानी , , साहिस्ता बेगम ,सिताबाई चुरेंद्र ,पुष्पाबाई ,चित्ररेखा,कुमारी बाई ,हेमलाल रावटे,जयंत्री नेताम, निर्मला जगनायक,सुगरा बेगम, खेमिन निर्मलकर,संतोष जैन, रोहन, ,उर्मिला ठाकुर,कोमल, जिजोधन कुमार , भारती तारम ,डॉ पी के पांडे ,मोतीलाल कुचेरिया ,गजेंद्र सिन्हा,सहित महिला समूह ,मितानिन सदस्य उपस्थित थे।





# सेना के शौर्य को सलामी देने निकाली तिरंगा यात्रा

**गुरूर।** नगर पंचायत पलारी जिला बालोद में शासन के निर्देशानुसार तिरंगा यात्र राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक के बैनर तले आयोजित किया गया। उक्त तिरंगा यात्र में हम सेना के साथ है और ऑपरेशन सिंदूर राष्ट्र के साथ का श्लोगन के साथ ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता एवं भारतीय सेना की शौर्य को सलामी देने एवं सेना के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करने विशाल तिरंगा यात्र का आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य रूप से अशोक साहू, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष नंदकुमार साहू, पूर्व सरपंच पुर्णेश्वर साहू, कुमार साहू, यानेश साहू, डोमेंद्र साहू, गणेशराम साहू, तेजराम साहू एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी गिरीश कुमार साहू एवं समस्त कर्मचारी नगर पंचायत पलारी व नगर के गणमान्य नागरिक भारी संख्या में भाग लेकर तिरंगा यात्र को सफल बनाया तथा भारतीय सेना के प्रति —तज्ञता एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया। तिरंगा यात्र नगर पंचायत भवन से मानस मंच होते हुए वापस कार्यालय भवन में समाप्त हुआ।

## गुण्डरदेही में तिंरगा यात्रा निकाली गई

**गुण्डरदेही।** आपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद से भाजपा पाटएँ सभी राज्यों में तिरंगा यात्र निकाल रही है। गुण्डरदेही मे भी नगर पंचायत से तिंरगा यात्र निकाली गई। जहां धमतरी चौक से होते हुए पुरे नगर भ्रमण किया। इस अवसर पर गुण्डरदेही एसडीएम, नगर पंचायत सीएमओ व भाजपा के जनप्रतिनिधि पार्षद गण व नगरवासी शामिल हुए।



AAROGYAM
Superspeciality Hospital & Research Center
24x7 EMERGENCY SERVICE
गैस्ट्रोएन्टेरोलॉजी & लेप्रोस्कोपिक टीम
क्या आप इन समस्याओं से ग्रस्त हैं?
- पेट में जलन / गैस
- आंतों में जख्म / कैंसर
- पैंक्रियास में सूजन
- पित्त की नली में पथरी
- लिवर खराब होना
- पीलिया / हेपेटाइटिस
सुविधाएं
- एंडोस्कोपी
- कोलोनोस्कोपी
- दूरबीन विधि से सर्जरी
- लिवर और पैंक्रियाटाइटिस समस्या का निदान व उपचार
"आज ही अपॉइंटमेंट बुक करें!"
डॉ. जीवनलाल घीडले
MD (MED.) DM ( GASTRO )
PGI CHANDIGARH
97554 21861 , 0788-2990458
NH53, डी-मार्ट के पास, बाईपास रोड, कादंबरी नगर दुर्ग , छत्तीसगढ़

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

कमर, जांघ, ऑर्म, वक्ष स्थल
शरीर के अन्य हिस्सों का लेज़र द्वारा लाइपोसक्शन
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
गुर्दे की पथरी का दर्द
सबसे भयानक दर्दो में से एक है। जिसे कोई भी व्यक्ति अनुभव कर सकता है।
इसके लक्षण कारण और उपाय जानने के लिए संपर्क करें
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
रिजर्वेशन कोच
04 जून ,14 जुलाई, 13 अगस्त , 10 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशिः-स्लीपर-15500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411